ई–मेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांक–1प० / स्था०–01–20 / 2016 / 4801 / पं०रा०

बिहार सरकार

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**दिवेश सेहरा,** भा०प्र०से०
सचिव

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक 02/4/2025

**विषयः–** **अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी का प्रभार/पदस्थापन के संबंध में।**

महाशय,

उपुर्यक्त विषय के संबंध में कहना है कि कतिपय जिलों द्वारा विभागीय योजनाओं यथा–15वें वित्त आयोग, षष्ठम् राज्य वित्त आयोग, मुख्यमंत्री ग्रामीण गली–नाली पक्कीकरण निश्चय योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना, पंचायत सरकार भवन आदि के क्रियान्वयन/सफल संचालन हेतु अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्–सह–अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी के रिक्त पदों पर पदस्थापन/प्रतिनियुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के आलोक में समीक्षोपरान्त निदेशित किया जाता है कि जिन जिलों में अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्–सह–अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी का पद रिक्त है या भविष्य में रिक्त होता है तो मात्र कार्यकारी व्यवस्था के तहत् उन जिलों में पदस्थापित वरीयतम व्याख्याता/प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को प्रभारी अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्–सह–अपर जिला पंचायत राज पदाधिकारी का कार्यकारी प्रभार अपने स्तर से प्रदान करने की कृपा की जाय। यह व्यवस्था उक्त पद पर नियमित नियुक्ति/प्रोन्नति होने पर स्वतः समाप्त समझा जायेगा एवं इसके लिए किसी प्रकार का वित्तीय लाभ/सेवा लाभ मान्य नहीं होगा।

विश्वासभाजन

02/04/25

(दिवेश सेहरा)
सचिव

ज्ञापांकः–1प० / स्था०–01–20 / 2016 / 4801 / पं०रा० पटना, दिनांक 02/4/2025

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, बिहार/सभी जिला कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(दिवेश सेहरा)
सचिव

P.T.O.

D:\AMIT 2025\PRABHAR SIR 2025\LETTER.DOCX

ज्ञापांकः—1प०/स्था०—01—20/2016/4801/पं०रा० पटना, दिनांक 02/4/2025

प्रतिलिपिः—सभी उप विकास आयुक्त—सह—मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद/सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(दिवेश सेहरा)
सचिव

ज्ञापांकः—1प०/स्था०—01—20/2016/4801/पं०रा० पटना, दिनांक 02/4/2025

प्रतिलिपिः—माननीय मंत्री के आप्त सचिव/निदेशक के आशुलिपिक/विशेष सचिव के आशुलिपिक/सभी प्रभारी पदाधिकारी/उप सचिव—सह—निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आई0टी0मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(दिवेश सेहरा)
सचिवव